


नवभारत
भोपाल, गुरुवार 28 मई 2026


# जिला पंचायत कार्यालय में धरने पर डटे किसान

▸ किसान बोले- गोली मार दो, ट्रॉली नहीं हटाएंगे

नवभारत न्यूज

**हरदा, 27 मई. जिला पंचायत परिसर में मंगलवार से किसान धरने पर बैठ गए जो बुधवार तक बैठे रहें. वे समर्थन मूल्य पर गेहूं की फसल नहीं बेच पाने से आक्रोशित है. उन्होंने मांग की कि या तो उनके गेहूं को समर्थन मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था की जाए, अन्यथा वे जिला पंचायत भवन परिसर में ही ट्रॉली खाली कर घर लौट जाएंगे. किसानों और अधिकारियों के बीच हुई चर्चा बेनतीजा रही.किसानों ने दावा किया कि जिले में हजारों किसान ऐसे हैं, जिनका स्लॉट बुक नहीं हो पाया है.**

बुधवार को जिला पंचायत के कर्मचारियों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों से परिसर खाली करने का अनुरोध किया.उन्होंने कार्यालय स्टाफ और अन्य लोगों को आने-जाने में हो रही परेशानी का हवाला दिया. बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया,



लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे.किसानों ने स्पष्ट कहा कि उन्हें चाहे गोली मार दी जाए, लेकिन गेहूं से भरी ट्रॉली वापस गांव लेकर नहीं जाएंगे.संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने किसानों को बताया कि स्लॉट बुकिंग बंद हो चुकी है और अब गेहूं की खरीदी संभव नहीं है.पुलिस विभाग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, एसडीओपी हरदा , कोतवाली एवं सिविल लाइन थाना प्रभारी उपस्थित थे.मंगलवार को किसानों ने जिला पंचायत परिसर में ट्रैक्टरों की रोशनी में दाल-बाटी बनाकर रात गुजारी.किसानों का कहना है कि है धरना जारी रहेगा.

## स्लॉट बुकिंग बंद होने से हजारों किसान गेहूं बेचने से वंचित : कांग्रेस

**नर्मदापुरम, 27 मई.** नर्मदापुरम जिले के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया है. पत्र में मुख्य रूप से गेहूं खरीदी में स्लॉट बुकिंग बंद होने, खाद की कमी तथा मूंग खरीदी नीति को लेकर किसानों की परेशानियों का उल्लेख किया गया है. इस पर दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है.उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर चल रही गेहूं खरीदी में अचानक स्लॉट बुकिंग बंद होने से हजारों किसान अपनी उपज बेचने से वंचित रह गए हैं, इसलिए इसे तुरंत पुन: शुरू किया जाना चाहिए और खरीदी अवधि बढ़ाई जानी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि नर्मदापुरम जिले में खाद की गंभीर कमी बनी हुई है.ई-टोकन प्रणाली का सर्वर बार-बार बंद रहने से वितरण प्रभावित हो रहा है. लगभग तीन लाख किसानों वाले इस जिले में केवल छह खाद डिपो होने से स्थिति और बिगड़ गई है. सिंह ने डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने या विकल्प के रूप में एनपीके 12:32:16 उपलब्ध कराने की मांग की है.साथ ही मूंग खरीदी में 25 प्रतिशत सीमा तय होने पर सवाल उठाते हुए स्पष्ट नीति की मांग की है. किसानों को राहत देने के लिए सरकार से त्वरित कदम उठाने की अपील की गई है.

# 125 बसों की जांच, 20 हजार का जुर्माना वसूला

▸ 47 प्रकरणों में की गई चालान की कार्रवाई

**नर्मदापुरम, 27 मई. सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और यात्री वाहनों द्वारा नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में विशेष जांच एवं प्रवर्तन अभियान चलाया गया. यह अभियान 21 से 27 मई तक परिवहन विभाग और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया गया.**

अभियान के दौरान जिले में 125 से अधिक यात्री बसों की जांच की गई.जांच के दौरान ओवरलोडिंग, सुरक्षा मानकों की अनदेखी, फिटनेस एवं बीमा दस्तावेजों की कमी सहित विभिन्न नियमों के उल्लंघन पाए गए.इस पर पुलिस एवं परिवहन विभाग ने 47 प्रकरणों में चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 20,900 रुपए का जुर्माना वसूला.

प्रशासन ने बिना परमिट संचालित बसों, टैक्स बकाया वाहनों, निर्धारित क्षमता से




अधिक सवारी बैठाने, तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की. कई मामलों में वाहन जब्ती, फिटनेस निरस्तीकरण एवं परमिट संबंधी कार्यवाही भी की गई.अभियान के दौरान बस संचालकों और चालकों को यात्री सुरक्षा मानकों का पालन करने, वाहन की फिटनेस एवं दस्तावेज अद्यतन रखने तथा यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए. पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके.

▸ एक नजर में

## टीबी को लेकर किया जागरुक

**पिपरिया, 27 मई.** रेल्वे अस्पताल में टीबी जागरूकता दिवस के अवसर पर रेल्वे कर्मचारियों ,स्टाफ व यात्रियों को जागरुक किया गया. रेल्वे चिकित्सक डॉ .आरआर कुर्रे ने बताया कि टीबी को अगर छुपाया तो जीवन को बचाना मुश्किल है. टीबी मुक्त भारत अभियान चल रहा है .टीबी की पहचान होते ही दवाइयों से इलाज पूर्णत: संभव है. उन्होंने पौष्टिक आहार लेने की बात कही. टीबी की थोड़ी भी संभावना समझ में आये तो तत्काल जांच करायें.

## कलश यात्रा का हुआ आयोजन

**पिपरिया, 27 मई.** मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद के अंतर्गत नगर विकास प्रस्फुटन समिति शास्त्री वार्ड द्वारा गंगा दशहरा पर कलश यात्रा का आयोजन किया. ब्लॉक समंवयक दयाशंकर उमरे की उपस्थिति में देवेंद्र पटेल ने जलसंरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों को जलसंरक्षण का संदेश दिया .कलश यात्रा के उपरांत भगवान शिव पर गंगाजल अर्पित कर कार्यक्रम का समापन किया गया. उपस्थित जनसमूह से पक्षियों के लिये दाना पानी रखने एवं पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की गई .कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुशीला संकुले, सहायिका शीलाबाई,माधुरी मेहरा,उमा मेहरा,लक्ष्मी नायर,रितिका कीर आदि उपस्थित थीं.

## पोसेरा ग्राम में रुद्र महायज्ञ शुरू

**पिपरिया, 27 मई.** पोसेरा ग्राम में रुद्र महायज्ञ एवं असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्यक्रम शुरू हो गया. स्वामी यमुनानंदजी महाराज के सान्निध्य में यज्ञाचार्य आचार्य संतोष पाठक द्वारा यज्ञ कराया जा रहा है .इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई. मंडप प्रवेश, देवताओं का आह्वान ,अग्नि स्थापना हुई. 30 मई को पूर्णाहूति एवं भंडारे के साथ ही अभिमंत्रित रूद्राक्ष वितरण कार्यक्रम भी होगा.

## सरताजसिंह की जयंती पर किया कूलर दान

**पिपरिया, 27 मई.** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व .सरताजसिंह की जयंती पर अस्पताल में उनके परिजनों ने कूलर दान किया. मरीजों को फल, दुध व अन्य सामग्री भी वितरित की गई. अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनो के बीच मानव सेवा एवं सहयोग का संदेश भी दिया. शासकीय अस्पताल में स्व .सरताजसिंह को याद करते हुए परिजन व उपस्थितजन भावुक नजर आये. उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया. इस अवसर पर अमृतसेवा समिति,संकल्प फाउंडेशन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे .समाजसेवी सुखदेव कालोटी ने स्व .सरताजसिंह के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला.

## निगरानी समिति की बैठक 29 को होगी

**नर्मदापुरम, 27 मई.** नर्मदापुरम संभाग आयुक्त श्रीकांत बनोठ की अध्यक्षता में 29 मई को सुबह 11:00 बजे से आयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु गठित निगरानी समिति की बैठक आयोजित की जाएंगी. सभी संबंधित अधिकारियों को उक्त बैठक में सभी जानकारियों के साथ मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं.

## नर्मदा स्वसहायता समूह कर रहा है गेहूं खरीदी

**पिपरिया, 27 मई.** समर्थन मूल्य पर राईखेड़ी रोड पर इशिता वेयर हाउस में नर्मदा स्वसहायता समूह द्वारा गेहूं की खरीदी की जा रही है.खरीदी के दौरान समूह प्रबंधक जानकी प्रजापति, केन्द्र प्रबंधक आनंद पटेल व अध्यक्ष प्रीति प्रजापति उपस्थित मिली. इस संबंध में समूह प्रबंधक व अध्यक्ष ने कहा क हमारा प्रयास है कि केंद्र पर किसान परेशान न हो. इशिता वेयर हाउस प्रांगण में तुलाई की कट्टियां व किसानों के गेहूं के ढेर होने के कारण बाजू में खेत में तुलाई कर रहे है.

इस संबंध में सहायक आपूर्ति अधिकारी मनोज शुक्ला ने कहा कि धान के समय तुलाई के लिये वेयर हाउस संचालक की जमीन पर ही तुलाई हेतु अनुमति ली थी. वेयर हाउस प्रांगण फुल होने के कारण उन्हीं की जगह पर तुलाई हो रही है. फिर भी मौके पर जाकर जानकारी लेता हूं.

# पोषण प्रहरी अभियान में सहयोग का आश्वासन

▸ विभिन्न संगठनों की बैठक का हुआ आयोजन

**हरदा, 27 मई. जिले में कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने तथा शासकीय स्कूलों में बच्चों के लिए डेस्क-बैंच उपलब्ध कराने हेतु संचालित 'पोषण प्रहरी अभियान' एवं 'विद्या आसन अभियान' को समाज के विभिन्न वर्गों का व्यापक सहयोग मिलने लगा है. बुधवार को आयोजित बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवियों ने इन अभियानों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने का आश्वासन दिया.**

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित समाजसेवियों ने अभियानों को और अधिक



प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव भी दिए.बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजा रंगारे, जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे.इसमें राजपूत, विश्नोई, गुर्जर, जाट, जैन, मुस्लिम एवं अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई. बैठक में बताया गया कि 'विद्या आसन अभियान' के माध्यम से जिले की शासकीय प्राथमिक शालाओं में बच्चों को डेस्क-बैंच उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके.वहीं 'पोषण प्रहरी अभियान' हरदा जिले में कुपोषण मुक्ति की दिशा में जनभागीदारी आधारित एक अभिनव पहल के रूप में संचालित किया जा रहा है.यह अभियान गंभीर कुपोषित एवं कुपोषित बच्चों को सुपोषण की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में प्रभावी प्रयास साबित हो रहा है.

## ईदगाह में सुबह 8 :30 बजे होगी नमाज अदा

**पिपरिया, 27 मई.** ईद के त्योहार को देखते हुए मंगलवारा थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.बैठक में एसडीओपी मोहित कुमार यादव,नायब तहसीलदार नीरज बैस,मंगलवारा टीआई गिरीश त्रिपाठी, स्टेशन रोड टीआई आदित्य सेन, नपा से राजस्व निरीक्षक मौर्य मौजूद थे. अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अध्यक्ष इमरान खान ने बताया कि ईदगाह में प्रात:8:30 बजे नमाज अदा की जायेगी. मंगलवारा टीआई व स्टेशन रोड टीआई ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहेगा.विद्युत कटौती को लेकर जब मुस्लिम समाज के बंधुओं ने पूर्व की स्थितियों से अवगत कराया तो एसडीओपी यादव ने आश्वासन दिया कि कटौती नही होगी.बैठक मेंफहीम अब्दुल्ला,अब्दुलखान,वसीम खन उपस्थित थे.

# बनखेड़ी में हुई शांति समिति की बैठक



**बनखेड़ी, 27 मई. ईद का त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के उद्देश्य से बनखेड़ी थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में शांति समिति के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों की उपस्थिति रही.इस दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने, कानून-व्यवस्था का पालन करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने की अपील की गई. पुलिस ने सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा गया कि त्योहार को प्रेम, सद्भाव और आपसी सम्मान के साथ मनाएं. बैठक में कई लोग उपस्थित थे.

## नर्मदापुरम में आज से तैराकी प्रतियोगिता

**नर्मदापुरम, 27 मई.** जिला तैराकी संघ द्वारा जिला स्तरीय ग्रुप ए, ग्रुप बी, एवं सीनियर वर्ग की बालक एवं बालिका तैराकी प्रतियोगिता का 28 मई को प्रात: 9 बजे से पं. रामलाल शर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर स्थित डॉल्फिन स्विमिंग अकादमी में किया जाएगा.प्रतियोगिता में ग्रुप के अंतर्गत 17-18 वर्ष तथा ग्रुप क्क में 15-16 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे. वहीं 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी सीनियर वर्ग में शामिल हो सकेंगे. प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी रीवा में होने वाली राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेंगे.

## नेहरूजी को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**नर्मदापुरम, 27 मई. नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई.**

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता लखन रघुवंशी ने कहा कि स्व. नेहरू ने विपरीत परिस्थितियों में देश का नेतृत्व करते हुए आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी.नेता प्रतिपक्ष नपा अनोखी राजोरिया,पूर्व नपाध्यक्ष मीना वर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग मलैया, अरुण दीक्षित, मंडलम अध्यक्ष मंजूलमनी ढिमोले, जागेश यादव, तुकाराम यादव, अंकित दुबे, अमित खत्री सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एनसीसी कैंप ▸ संभागभर के 511 कैडेट्स शामिल हुए कार्यक्रम में, हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाने की अपील

# कैडेट्स को यातायात नियमों के प्रति किया जागरुक

**नर्मदापुरम, 27 मई. सड़क सुरक्षा के प्रति युवाओं में जागरूकता विकसित करने एवं यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा बीटीआई परिसर में 13 एमपी बटालियन एनसीसी, नर्मदापुरम द्वारा आयोजित एनसीसी कैंप में विशेष यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

यह शिविर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस.पी. सिंह के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है.कार्यक्रम में संभाग भर से आए सीनियर डिवीजन, सीनियर विंग, जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के कुल 511 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रह.



पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण एस. थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे विभिन्न जनजागरूकता अभियानों के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा ने कैडेट्स को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों जैसे तेज गति से वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग न करना, गलत दिशा में वाहन चलाना तथा शराब पीकर वाहन संचालन करने जैसी लापरवाहियों के गंभीर परिणामों के बारे में विस्तार से बताया.

डीएसपी ट्रैफिक ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि पूरा परिवार एवं समाज उसकी पीड़ा को महसूस करता है. उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि स्वयं एवं दूसरों के जीवन की सुरक्षा के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है. उन्होंने कैडेट्स से दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने तथा संयमित होकर वाहन चलाने की अपील की.

कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स को ट्रैफिक सिग्नल, सड़क संकेत, रोड मार्किंग एवं सुरक्षित यातायात व्यवहार की जानकारी भी दी गई. कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया. कार्यक्रम के उपरांत डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा एवं निरीक्षक सुनीता पटेल द्वारा कैंप के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजेता रहे कैडेट्स को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया .इस अवसर पर सूबेदार मेजर बी.सी. तिलक, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार राकेश कुमार, सूबेदार मेहराम, सूबेदार राम अवतार, सीएचएम घमंडा राम, बीएचएम पूर्ण मिश्रा, सीएचएम विजय, हवलदार भंवरलाल नायक, हवलदार सुशील, हवलदार अजीत, सीटीओ यास्मीन खान सहित अन्य अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे.

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने प्रशिक्षण

▸ ग्रामीण उद्यमों का फील्ड सर्वे शुरू कर दिया

**नर्मदापुरम, 27 मई.ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में स्टार्ट-अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के तहत माखननगर में संचालित 56 दिनी आवासीय सीआरपी-एप प्रशिक्षण व्यावहारिक चरण में पहुंच गया है.**

प्रशिक्षणार्थियों ने गांवों में जाकर ग्रामीण उद्यमों का फील्ड सर्वे शुरू कर दिया है, जिससे उन्हें स्थानीय व्यवसायों की वास्तविक स्थिति समझने का अवसर मिल रहा है. कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं सीईओ हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा यह प्रशिक्षण 24 अप्रैल से संचालित किया जा रहा है. प्रशिक्षण में शामिल 40 प्रतिभागी नर्मदापुरम



ब्लॉक के विभिन्न गांवों में जाकर सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों का अध्ययन कर रहे हैं. राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान के तकनीकी सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में 32 दिन का कक्षा प्रशिक्षण और 24 दिन की फील्ड प्रैक्टिस शामिल है.सर्वे के दौरान प्रतिभागी व्यवसाय मॉडल, बाजार की मांग, लागत, मुनाफा और विपणन व्यवस्था का गहन अध्ययन कर रहे हैं. 18 जून 2026 तक चलने वाले इस प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षित सीआरपी-ईपी ग्रामीणों को स्वरोजगार, बैंकिंग सहायता और बाजार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है.